


1 वी आर देयर फार ईच अदर
लेखक: सागर चुदेसरा
अनुवाद: चंद्रशेखर मदभावी
प्रकाशक: सागर चुदेसरा
चार दोस्तों की हम्पी की यात्रा की ये कहानी उनकी मित्रता, प्यार, बिछुड़ने के दर्द, परिवार की उम्मीदों व आत्म-खोज के इर्द-गिर्द घूमती है। इस दौरान उन्हें नया दृष्टिकोण मिलता है।




2 द हिडन हिंदू 1
लेखक: अक्षत गुप्ता
अनुवाद: अक्षत गुप्ता
प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन
पौराणिक कथाओं और इतिहास को आधुनिक दुनिया से जोड़ती एक किताब। इसकी कहानी एक अघोरी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कहता है कि वह चार युगों से जीवित है।



3 महागाथा: पुराणों से...
लेखक: सत्यार्थ नायक
अनुवाद: आशुतोष गर्ग
प्रकाशक: हार्पर कोलिंस पब्लिशर्स
इसमें लेखक ने पौराणिक प्रतीकों का उपयोग करते हुए ब्रह्मा जी की सृष्टि से लेकर विष्णु भगवान के सुदर्शन चक्र तक अनेक कहानियों को रोचक तरीके से समेटा है।




4 मेरी मां मेरी गैंगस्टर
लेखक: अरुंधति राय
अनुवाद: प्रभात सिंह
प्रकाशक: राजकमल प्रकाशन
अरुंधति राय ने इस संस्मरण में मां के प्रति अपनी भावनाएं उकेरने के साथ ही अपनी जीवन यात्रा की झलक दिखाई है। उनकी ये पुस्तक रोचक होने के साथ ही प्रेरक भी है।




5 संसार: देवताओं...
लेखक: सक्षम गर्ग
अनुवाद: आशुतोष गर्ग
प्रकाशक: मंजुल पब्लिशिंग हाउस
यह फंतासी उपन्यास है, जिसकी कहानी हिमालय की एक घाटी में घटित होती है, जहां देवता व पौराणिक जीव रहते हैं और वहां एक प्राचीन सभ्यता निवास करती है।




6 द नागा वारियर्स 2
लेखक: अक्षत गुप्ता
अनुवाद: अक्षत गुप्ता
प्रकाशक: मंजुल पब्लिशिंग हाउस
खंड 2 भाग्य, मिथक और इतिहास के ऐसे संगम को दर्शाती है , जो वास्तव में एक महाकाव्य जैसा है। प्रतिबद्धता की गाथा योद्धाओं और दुर्जेय अवतारों को साथ लाती है।



7 इंडिया अर्थात भारत
लेखक: जे साई दीपक
अनुवाद: पंकज सक्सेना
प्रकाशक: ब्लूम्सबरी पब्लिशिंग
यह यूरोपीय औपनिवेशिक मानसिकता की पड़ताल के साथ ही देश के संविधान की उत्पत्ति का रेखांकन करती है। इसमें सहिष्णुता व धर्मनिरपेक्षता की भी झलक है।



8 हृदयदीप
लेखक: बानू मुश्ताक
अनुवाद: चंद्रशेखर मदभावी
प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस
अंग्रेजी में हार्ट लैंप शीर्षक से अनुदित इस पुस्तक के लिए कन्नड़ लेखिका बानू को बुकर पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने महिलाओं के संघर्षों को बयां किया है।




9 रा हिटमैन
लेखक: एस. हुसैन जैदी
अनुवाद: रचना भोला यामिनी
प्रकाशक: साइमन एंड शूस्टर
लेखक असली कहानी में धोखे और साजिश से भरी बहुत ही रोचक दास्तान लेकर आए हैं। किताब अंत तक पाठकों का रोमांच बनाए रखने में खरी साबित होती है।



10 शौर्यगाथाएं
लेखक: विक्रम सम्पत
अनुवाद: संदीप जोशी
प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस
भारतीय इतिहास के 15 गुमनाम नायकों व वीरांगनाओं के बारे में ये पुस्तक जानकारी देती है, जिन्होंने धर्म व देश की रक्षा के लिए आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया।

विस्तारित सूची

कल पढ़िए कविता श्रेणी की सूची




11 ब्रेकिंग द मोल्ड
लेखक: रघुराम राजन, रोहित लाम्बा
अनुवाद: मंजीत ठाकुर
प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस



12 रा हिटमैन 2
लेखक: एस. हुसैन जैदी
अनुवाद: रचना भोला यामिनी
प्रकाशक: साइमन एंड शूस्टर



13 कितने गाजी आए कितने...
लेखक: केजेएस टाईनी ढिल्लों
अनुवाद: नितिन माथुर-आनंद राय
प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन



14 ब्रोकेन प्रामिसेस
लेखक: मृत्युंजय शर्मा
अनुवाद: आनंद व ऋषिकेश
प्रकाशक: वेस्टलैंड बुक्स



15 हिडन हिंदू 3
लेखक: अक्षत गुप्ता
अनुवाद: अक्षत गुप्ता
प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन



16 मैंगो मिलियनेयर
लेखक: राधिका गुप्ता, निरंजन अवस्थी
अनुवाद: असीम चंदना
प्रकाशक: मंजुल पब्लिशिंग हाउस



17 नेहरू का भारत
लेखक: आदित्य मुखर्जी
अनुवाद: आलोक बाजपेयी
प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस



18 इंडियाज मोस्ट फीयरलेस 3
लेखक: शिव अरूर-राहुल सिंह
अनुवाद: संदीप जोशी
प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस



19 विश्वबंधु भारत
लेखक: एस. जयशंकर
अनुवाद: सुजाता शिवेन
प्रकाशक: रूपा पब्लिकेशंस



20 बलिदान
लेखक: स्वप्निल पाण्डेय
अनुवाद: केतन मिश्रा
प्रकाशक: हार्पर कोलिंस पब्लिशर्स

रैली से गायब रहने वाले युकां के दो सौ पदाधिकारी निलंबित

- रामलीला मैदान की रैली में देश भर के पदाधिकारियों को हिस्सा लेने का था निर्देश
- उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटने के बाद बगैर नोटिस दिए की जा रही कार्रवाई

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : कांग्रेस ने वोट चोरी मुद्दे पर रामलीला मैदान में एक नवंबर की रैली में उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटने के बाद देश भर के यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की दी है। बताया जाता है कि दो सौ से अधिक पदाधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। संख्या पांच सौ के पार भी जा सकती है। इनमें से अधिकतर को नोटिस भी नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित राजोरिया ने ही यह कार्रवाई सार्वजनिक की। कहा कि वह पार्टी के लिए 15 वर्षों से काम कर रहे थे। जेल भी गए हैं। चाचा के निधन के चलते रैली में नहीं जा पाए थे। इसकी पहले ही जानकारी भी दे दी थी। लेकिन, बगैर नोटिस दिए ही निलंबित कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस बात से नाराज है कि जिन्हें भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई, वे खुद भी नहीं आए। शीर्ष नेतृत्व ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए यह कार्रवाई की है। हालांकि, निलंबन पर कई पदाधिकारियों ने आपत्ति जताई है। कहा है कि पार्टी को कार्रवाई करने से पहले यह तो पूछ लेना चाहिए था कि किन वजहों से नहीं आ पाए। कांग्रेस ने रामलीला मैदान में आयोजित रैली में करीब 10 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का दावा किया था। हालांकि, तस्वीरों में एक लाख की क्षमता वाले इस मैदान की काफी कुर्सियां खाली दिख रही थीं। कई प्रत्यक्षदर्शियों का मानना था कि भीड़ एक लाख के आसपास थी। कांग्रेस अब तक मध्य प्रदेश से 60, उत्तर प्रदेश से 13, हरियाणा से 10, हिमाचल प्रदेश से 13, राजस्थान से 43, गुजरात से 49, बंगाल से 26 और तेलंगाना से 14 यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों को निलंबित कर चुकी है।

यूथ कांग्रेस ने रैली में आने वाले पदाधिकारियों की डिजिटल निगरानी के लिए मिंटो रोड पर बारकोड स्कैनर लगाए थे। सभी पदाधिकारियों से यूथ कांग्रेस के एप पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए भी कहा था। यह बात अलग है कि कुछ पदाधिकारियों ने रैली के दौरान इंटरनेट धीमा होने के चलते डिजिटल उपस्थिति दर्ज नहीं होने को लेकर सफाई भी दी है।

राज्यसभा के लिए मप्र से निर्विरोध निर्वाचित हुए हरदीप सिंह पुरी

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपाल : राज्यसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी अब मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा ने उन्हें केंद्रीय मंत्री डा.एम मुरुगन के त्यागपत्र से रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया। नाम वापसी की समय सीमा बीतने के बाद परिणाम की औपचारिक घोषणा कर दी गई। पुरी द्वारा अधिकृत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल को रिटर्निंग आफिसर उमेश शर्मा ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।


हरदीप सिंह पुरी • जागरण आर्काइव

उपचुनाव में हरदीप सिंह पुरी के अलावा दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र जमा किया था। इसमें कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी का नामांकन शपथ पत्र प्रस्तुत न करने और कांते सायन्ना का प्रस्ताव नहीं मिलने के आधार पर निरस्त हो गया था। इससे पुरी के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया था।

राहुल गांधी ने 40 लाख युवाओं को सड़कों पर उतरने से रोक रखा है : इरफान

जासं, रांची : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। चेतावनी दी है कि यदि प्रधानमंत्री समय रहते नहीं चेते तो देश में नेपाल और बांग्लादेश से भी बदतर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उनके इस बयान पर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है।

इरफान ने कहा कि देश में किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के लोग परेशान हैं। दिल्ली में 40 लाख युवा सड़कों पर उतरने को तैयार हैं, लेकिन राहुल गांधी ने उन्हें रोक रखा है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के नाम पर 13 करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं।

फिसली जुबान : छग सीएम बोले- कांग्रेस छोड़ सबकी दुकान बंद होने जा रही है

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, रायपुर : भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के दौरान नेताओं की फिसली जुबान पर कांग्रेस ने इन्हें ट्रोल करना प्रारंभ कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो साझा किया। वीडियो में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते सुनाई दे रहे हैं कि कांग्रेस को छोड़कर भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दुकान बंद होने जा रही है। वहीं, वीडियो में भोपाल में चार नवंबर के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जेपी नड्डा के सामने ही 'जेपी नड्डा मुर्दाबाद' का नारा लगाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इसे तत्काल 'जिंदाबाद' के नारे में बदल दिया। बघेल ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के सामने सबकी लाइन और लेंथ बिगड़ गई है। बघेल के राहुल के सामने सबकी लाइन व लेंथ बिगड़ने के बयान पर पूर्वमंत्री व कुरुद के भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस की गाड़ी की चेसिस ही बैंड हो, वे लेंथ बिगड़ने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस की हालत ये है कि अब मरम्मत कराने से भी उनकी चेसिस नहीं सुधर सकती। जनता से नकारे जाने के बाद मुद्दाविहीन कांग्रेस के पास कोई काम नहीं है। इसलिए सबकी वीडियो पर ध्यान देते रहते हैं।

PIMPRI CHINCHWAD MUNICIPAL CORPORATION

Request for Proposal (RFP) for Selection of Agency for Design–Build–Operate–Transfer (DBOT) Dog Animal Shelter & Lifetime Care Facility under Veterinary Department of Pimpri Chinchwad Municipal Corporation

TENDER NO. 03/2026-27

Pimpri Chinchwad Municipal Corporation (PCMC) hereby invites 'Selection of Agency for Design–Build–Operate–Transfer (DBOT) of Dog Animal Shelter & Lifetime Care Facility under Veterinary Department of Pimpri Chinchwad Municipal Corporation'. Bidders are advised to study this RFP document carefully before submitting their proposals in response to this RFP Notice. Submission of a proposal in response to this notice shall be deemed to have been carried out after careful study and examination of this document with full understanding of its terms, conditions, and implications.

Interested Bidders are requested to download the RFP document published on eProcurement System Government of Maharashtra from 06/11/2026. The last date for bid submission 26/11/2026 by 3:00 PM.

The downloaded bidding document shall be considered valid for participation in the electronic bidding process (e-Tendering) subject to the payment of RFP Fee. For any type of clarifications, Bidders can visit www.mahatenders.gov.in or contact help desk contact no. 0120-4001 462, 0120-4001 002, 0120-4001 005, 0120-6277 787, Email: support-eproc@nic.in

Name of Work	Tender Fees (Rs) (Non-Refundable)	EMD (Rs)
Request for Proposal (RFP) for Selection of Agency for Design–Build–Operate–Transfer (DBOT) of Dog Animal Shelter & Lifetime Care Facility under Veterinary Department of Pimpri Chinchwad Municipal Corporation	Rs. 37,430 (Rupees Thirty-seven thousand four hundred and Thirty Only)	Rs. 18,00,000 (Rupees Eighteen Lakhs Only)

Commissioner, PCMC reserves the right to reject any or all applications without assigning any reasons thereof reject any or all applications after recording written reasons thereof. In this regard his decision will be final and legally binding on all the Bidders.

ADVT No.: 2026-27/179
Date : 05/11/2026
Out. No – pavai/03/kavi/203/2026

Sd/-
Commissioner Pimpri Chinchwad Municipal Corporation
Pimpri - 411 018

पंजाब नैशनल बैंक
भरोसे का प्रतीक !
punjab national bank
...the name you can BANK upon !

एआरएमबीःसोलन शांडिल निवास, दि माल रोड, सोलन-173213
ई-मेलः cs8318@pnb.bank.in

अचल/चल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता तथा ऋणियों एवं गारंटरों को विशेष तौर पर एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्ति का बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संरचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी संबंधित ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर की नियत राशि की वसूली हेतु निम्न तालिका में उल्लिखित अनुसार तिथि पर **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है"**, और **"जहां भी है जैसी है"** आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित मूल्य एवं जमा धरोहर राशि संबंधित संपत्तियों के अंतर्गत निम्न तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता, खाता	सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की अनुसूची: मोर्टगेज रखी गई अचल सपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम (संपत्तियों के मोर्टगेजर)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना की तिथि बी) बकाया देय राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अधीन कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति- (प्रतीकात्मक/भौतिक)	ए) आरक्षित कीमत बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय / सिक्योर्ड क्रेडिटर्स को ज्ञात भारों का विवरण
1.	**पीएनबी-मिस्सरवाला (831800)** **मेसर्स हिमालयन इंटरनेशन प्रा.लि.** 1. मेसर्स हिमालयन इंटरनेशन प्रा.लि. निवासी गांव एनएच-7 सामने अग्रवाल धर्म कांटा, वीपीओ मिस्सरवाला पावंटा साहिब जिला सिरमौर 173021 (ऋणी), 2. श्रीमती संगीता गोयल पत्नी संजय गोयल निवासी गांव एनएच-7 सामने अग्रवाल धर्म कांटा, वीपीओ मिस्सरवाला पावंटा साहिब जिला सिरमौर 173021 (निदेशक), 3. श्री सिद्धार्थ गोयल पुत्र श्री संजय गोयल, निवासी गांव एनएच-7 सामने अग्रवाल धर्म कांटा, वीपीओ मिस्सरवाला पावंटा साहिब जिला सिरमौर 173021 (निदेशक), 4. श्री संजय गोयल पुत्र श्री राजेश्वर प्रसाद गोयल, निवासी गांव एनएच-7 सामने अग्रवाल धर्म कांटा, वीपीओ मिस्सरवाला पावंटा साहिब जिला सिरमौर 173021 **(गारंटर)**	पूर्ण प्लांट एवं मशीनें, उपकरण, टूल्स, उपकरण तथा फोर्टिफाईड राईस कर्नेल्स (एफआरके) के विनिर्माण, प्रोसेसिंग, और पैकिंग में उपयोग होने वाली यूनिट की अन्य सभी चल परिसंपत्तियां, मौजूदा और आगामी, उस पर संलग्न सभी एक्सेसरीज और अनुलग्नक के साथ, के ऊपर हाईपोथिकेशन।	ए) 04.12.2024 बी) 04.12.2024 को रु. 9,17,58,373.93 (केवल नौ करोड़ सतारह लाख अठावन हजार तीन सौ तिहत्तर रुपये एवं तिरानवे पैसे) तथा लागू अनुसार ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ। सी) 07.02.2025 डी) प्रतीकात्मक कब्जा	ए) ₹ 229.00 लाख बी) ₹ 22.90 लाख सी) ₹ 1.00 लाख	26.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
2.	**बीओ- दि माल सोलन (043300)** **मेसर्स पावंटा साहिब फूड कारपोरेशन** 1. मेसर्स पावंटा साहिब फूड कारपोरेशन गांव माहियां पीओ भोज नगर, तहसील एवं जिला सोलन हिप्र. 173229, 2. श्री इंद्रजीत सिंह बोपाराय पुत्र श्री सुरजीत सिंह, पता 1: गांव माहियां पीओ भोज नगर, तहसील एवं जिला सोलन हिप्र. 173229, 3. श्रीमती बिरमिल्क कौर पत्नी श्री कर्मवीर सिंह गांव माहियां तहसील एवं जिला सोलन हिप्र., 4. श्री बरिंदर पाल सिंह पुत्र स्व. श्री अमरजीत सिंह गांव हसनपुर सरहिंद रोड पटियाला पंजाब 147001, 5. श्रीमती अमरजीत कौर भट्टल म.सं. 1399/50 गली सं. 13 गुरुनानक नगर पटियाला पंजाब 147001, 6. श्री तपिंदर सिंह पुत्र श्री हरदयाल सिंह गांव शुभखेडा तहसील पावंटा साहिब जिला सिरमौर हिप्र, 7. श्री प्रीतपाल सिंह एवं श्रीमती तरविंदर कौर, गांव माहियां पीओ भोज नगर, तहसील एवं जिला सोलन हिप्र. 173229	(ए) गांव माहियां, खेवट खतौनी सं. 2/2, केएच सं. 90/46, हदबस्त सं. 893 समीप भोजनगर तहसील एवं जिला सोलन में फैक्ट्री भूमि एवं भवन की ईएम। **स्वामित्वः पावंटा साहिब फूड कारपोरेशन।** प्रथम प्रभार के आधार पर भूमि एवं भवन पर इंस्टॉल्ड पूर्ण प्लांट एवं मशीनरी, उपकरण, अन्य चल परिसंपत्तियां आदि, अटेचमेंट और एक्सेसरीज और विविध अचल परिसंपत्ति की हाईपोथिकेशन।	ए) 13.04.2021 बी) 13.04.2021 को रु. 8,06,79,385.40 (केवल आठ करोड़ छह लाख उनासी हजार तीन सौ पचासी रुपये एवं चालीस पैसे) और आगामी ब्याज एवं अन्य प्रभारों के साथ, वसूली को कम करके, यदि कोई की गई। सी) 23.12.2021 डी) प्रतीकात्मक कब्जा	ए) (ए) ₹ 286.00 लाख (बी) ₹ 267.00 लाख बी) (ए) ₹ 28.60 लाख (बी) ₹ 26.70 लाख सी) ₹ 1.00 लाख	26.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
3.	**बीओः बाईपास सोलन (462100)** **मेसर्स लखयन फ्रूट कंपनी** 1. श्री बलबीर सिंह पुत्र श्री बस्ती राम दुकान सं. 117, सेब मंडी, एपीएमसी एप्पल यार्ड सोलन हिप्र. पिन 173212, 2. श्री बलबीर सिंह पुत्र श्री बस्ती राम समीप ठाकुर करयाना शॉप, एथेना पब्लिक स्कूल के पीछे, धोबीघाट रोड, सोलन हिप्र. 173212, 3. श्री बलबीर सिंह पुत्र श्री बस्ती राम सी/ओ मेद राम, गांव मानसर पीओ सलोगरा जिला सोलन, 4. श्री सुनील कुमार गुप्ता (गारंटर) पुत्र श्री अमर नाथ मोहाल शिरडी चमारा पीओ धर्मपुर, एसबीआई धर्मपुर के पीछे सोलन 173209, 5. श्री प्रवीन कुमार (गारंटर) गांव शरहाना, पीओ शैलपानी, शिमला हिप्र.-171205	मोहाल मानसर तहसील और जिला सोलन में स्थित खसरा सं. 41, 782/42, 70,71,81,784/83, किता-6 कुल माप 06-11 बीघा में कुल भूमि में से केएच/केटी 97/125 मिन खसरा सं. 782/42/2 माप 01-13 बीघे (अर्थात 1/4 हिस्सा) पर भूमि और भवन की पंजीकृत मोर्टगेज, श्री बलबीर सिंह द्वारा स्वामित्व। 2.केएच/केटी सं. 43/44 मिन, खसरा सं. 42/1 माप 01-80 हेक्टेयर मोहाल शिरडी चमारा, हदबस्त सं. 770 एसबीआई बैंक के पीछे धर्मपुर एनएच-5 तहसील कसौली सोलन हिप्र. में स्थित भूमि और भवन की पंजीकृत मोर्टगेज, श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा स्वामित्व।	ए) 23.01.2025 बी) 23.01.2025 को रु. 1,02,62,712.42 (केवल एक करोड़ दो लाख बासठ हजार सात सौ बारह रुपये एवं ब्यालीस पैसे) सी) 07.04.2025 डी) प्रतीकात्मक	ए) (ए) ₹ 121.00 लाख (बी) ₹ 34.10 लाख बी) (ए) ₹ 12.10 लाख (बी) ₹ 3.41 लाख सी) (ए) ₹ 1.00 लाख (बी) ₹ 0.50 लाख	26.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
4.	**बीओः बाईपास सोलन (462100)** **रोहित शर्मा** 1. श्री रोहित शर्मा (ऋणी) पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा गांव जरल पीओ ब्रेवरी तहसील सोलन हिप्र 173212 2. श्री रोहित शर्मा (ऋणी) पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा, गांव घैनी जैकी धार मशोबरा सुन्नी जिला शिमला हिप्र 171007	मौजा सपरून हदबस्त सं. 653, तहसील एवं जिला सोलन हिप्र में स्थित श्री रोहित शर्मा से संबंधित खाता/खतौनी सं. 226/334/खसरा सं. 2942/2381/455, 458,461 किता 3, माप 305 वर्ग मीटर में सम्मिलित भूमि के ऊपर निर्मित रिक्त स्थान के साथ इसके क्षेत्र 106 वर्ग मीटर के भवन के प्रथम तल के फ्लैट/लिंटेल/स्लैब में सम्मिलित संपत्ति।	ए) 24.07.2020 बी) 30.06.2020 को रु. 37,09,029/- (केवल सैंतीस लाख नौ हजार उनतीस रुपये) तथा आगामी ब्याज एवं अन्य प्रभारों के साथ, वसूली को कम करके, यदि कोई की गई। सी) 29.11.2021 डी) भौतिक कब्जा	ए) ₹ 16.20 लाख बी) ₹ 1.62 लाख सी) ₹ 0.50 लाख	26.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
5.	**बीओःबाईपास सोलन (462100)** **श्रीमती एकता शर्मा** 1. श्रीमती एकता शर्मा मार्फत होटल मेजबान चंबाघाट तहसील एवं जिला सोलन हिप्र. 2. श्री रोहित शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा गांव घैनी जाईकी धार मशोबरा सुन्नी जिला शिमला हिप्र. 171007	वर्ष 2013-14 के लिए जमाबंदी के अनुसार श्रीमती एकता शर्मा से संबंधित मौजा झोझोन तहसील एवं जिला सोलन हिप्र में स्थित खाता/खतौनी संख्या 1/1,2,3,4,5, किता 58, 10/2835 हिस्से के विस्तार तक जो कुल 141-15 बीघे में से 0-10 बीघे में आता है, में सम्मिलित संपत्ति अर्थात भवन का भूतल माप 2950 वर्ग फीट।	ए) 06.04.2021 बी) 31.03.2021 को रु. 46,62,620.62 (केवल छियालीस लाख बासठ हजार छह सौ बीस रुपये एवं बासठ पैसे) और आगामी ब्याज एवं अन्य प्रभारों के साथ, वसूली को कम करके, यदि कोई की गई। सी) 21.03.2026 डी) प्रतीकात्मक कब्जा	ए) ₹ 20.00 लाख बी) ₹ 2.00 लाख सी) ₹ 0.50 लाख	03.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
6.	**पीएनबी-पावंटा साहिब (113910)** **श्री परवेज कुमार पुत्र श्री केहर सिंह** 1. श्री परवेज कुमार पुत्र श्री केहर सिंह निवासी पुरुवाला, कांशीपुर (139) पावंटा साहिब, सिरमौर, 173025 (ऋणी), 2. श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री परवेज कुमार, निवासी पुरुवाला, कांशीपुर (139) पावंटा साहिब, सिरमौर, 173025 (सह-ऋणी), 3. श्री सुरजीत सिंह नागरा पुत्र श्री संगत सिंह नागरा, निवासी गांव संतोषगढ़, पीओ पुरुवाला, पावंटा साहिब, सिरमौर 173025 (गारंटर)	जमाबंदी वर्ष 2010-2011 के अनुसार मोहाल उप-संपदा पुरुवाला संतोषगढ़, तहसील पावंटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश में स्थित खाता/खतौनी सं. 32/37 से 38, खसरा सं. 265/240/88/2/8 माप 00-04-08 बीघे पर निर्मित भवन के साथ भूमि, परवेज कुमार पुत्र श्री केहर सिंह पुत्र श्री तुलसी राम द्वारा स्वामित्व और कब्जा।	ए) 05.08.2024 बी) रु. 25,39,032.58 (केवल पच्चीस लाख उनतालीस हजार बत्तीस रुपये एवं अठावन पैसे) सी) 30.11.2024 डी) प्रतीकात्मक कब्जा	ए) ₹ 20.00 लाख बी) ₹ 2.00 लाख सी) ₹ 0.50 लाख	03.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं
7.	**बीओःनाहन (035600)** **मेसर्स रूबिकोन एमएफजी.कं.** 1. मेसर्स रूबिकोन एमएफजी.कं. वीपीओ काला अंब जिला सिरमौर हिप्र., 2. श्रीमती भारती मेहता प्लाट सं. 336 सेक्टर 4 नारायणगढ हरियाणा, 3. श्री अशोक मेहता प्लांट सं. 336 सेक्टर 4 नारायणगढ़ हरियाणा, 4. श्रीमती रीना वालिया पत्नी श्री राकेश वालिया वीपीओ मिलक नारायणगढ हरियाणा 1342023, 5. दविंदर मेहता पुत्र श्री दर्शन लाल मेहता, मकान सं. 394, वार्ड सं. 3, नारायणगढ़ जिला अम्बाला (हरियाणा) पिन-134203, 6. श्रीमती सीमा मेहता पत्नी श्री दविंदर कुमार मेहता, मकान सं. 394, वार्ड सं. 3, नारायणगढ़ जिला अम्बाला (हरियाणा) पिन-134203, 7. श्रीमती कविता साहनी पत्नी श्री सुनील साहनी मकान सं. 1104, एलआईजी ट्रिपल स्टोरी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर 10, पंचकूला (हरियाणा), 8. श्री सुनील कुमार साहनी, मकान सं. 1104, एलआईजी ट्रिपल स्टोरी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर 10, पंचकूला (हरियाणा)	ए) एलआईजी फ्लैट सं. 13, भूतल, क्लिंब पैराडाइज सोसाइटी, ब्लॉक-सी, एचबी डेरा नारायणगढ़, हरियाणा, श्रीमती भारती मेहता द्वारा स्वामित्व। बी) प्लाट सं. 65-66, प्रोफेसर कालोनी, मोहल्ला गोबिंदपुरा, यमुनानगर, हरियाणा। सी) खिजराबाद, छछरौली, यमुनानगर, हरियाणा में खाता सं. 27 खतौनी सं. 31 खसरा सं. 27//5/2,6,7,14,15,16 एवं 28//1/2, 10,11/1 कुल किते और 9 रकबा तादादी 59 कनाल 18 मरला, ऋणी का 8/1198 हिस्सा, जो 08 मरला में आता है, में सम्मिलित आईपी।	ए) 15.01.2018 बी) 29.08.2019 को रु. 26,17,21,889.00 (केवल छब्बीस करोड़ सतारह लाख ईक्कीस हजार आठ सौ नवासी रुपये) और इसके पश्चात लागू अनुसार ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ। सी) 11.12.2019 डी) प्रतीकात्मक कब्जा	ए) i) ₹ 14.10 ii) ₹ 52.00 iii) ₹ 38.00 बी) i) ₹ 1.41 ii) ₹ 5.20 iii) ₹ 3.80 सी) i) ₹ 00.50 ii) ₹ 00.50 iii) ₹ 00.50	03.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे / ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तेः- बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्दिष्ट नियम एवं शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों का विषय होगीः 1. संपत्तियां **"जैसी है जहां है"** तथा **"जो है जैसा है"** और **"जहां है जैसी है"** आधार पर बेची जाएंगी। 2. उक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पूर्ण ज्ञान के अनुसार दर्ज किया गया है परंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत जानकारी अथवा विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाईट https://baanknet.com/ पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से लॉट सं. 1 से 3 हेतु **26.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे** तथा लॉट सं. 4 से 7 हेतु **03.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे** को आयोजित की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in पर पधारें।

टिप्पणीः "भावी बोलीदाताओं को एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि मेसर्स हिमालयन इंटरनेशनल प्रा.लि. की सिक्योर्ड परिसंपत्ति के संबंध में एसए सं. 403/2026 और श्री परवेज कुमार पुत्र श्री केहर सिंह के संबंध में एसए सं. 358/2026 माननीय डीआरटी के समक्ष लंबित है। इन सिक्योर्ड परिसंपत्ति की नीलामी/बिक्री कथित कार्यवाहियों के परिणाम आने का विषय होगा।"

दिनांकः 05.11.2026
स्थानः सोलन

(हस्ता/-) प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रेडिटर